शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध
संख्या–1468/सत्तर–3–2022

प्रेषक,

**मोनिका एस0 गर्ग**
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **कुलपति,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

2. **निदेशक,**
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

3. **समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी**
उत्तर प्रदेश।

4. **विशेष कार्याधिकारी तथा राज्य सम्पर्क अधिकारी,**
राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक
उच्च शिक्षा विभाग।

OFFICE OF THE VICE-CHANCELLOR
08 JUN 2022
No. 224
LUCKNOW UNIVERSITY

कुल सचिव का कार्यालय
डाक प्राप्ति
संख्या 294
तिथि 13/6/22
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ–226007

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊः दिनॉक 08 जून, 2022

**विषयः– आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक संस्कृति अनुभाग के पत्र सं0–894/चार–2022, दिनांक 01 जून, 2022 की छायाप्रति संलग्न करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम देश भर में गरिमामय रूप से मनाया जा रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव के कियान्वयन हेतु गठित राष्ट्रीय कार्यान्वयन समिति (NIC) द्वारा दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 के मध्य "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम अनुमोदित किया गया है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक भारतीयों को अपने घर एवं प्रतिष्ठानों पर झंडा फहराने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जाग्रत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है।

2– इस सम्बन्ध में विभाग के समस्त सरकारी कार्यालय एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में व्यापक जनसहभागिता से "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नानुसार कार्यवाही की जानी है:–

(1) "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम प्रत्येक सरकारी अधिकारी/कर्मचारी, शिक्षकगण, सार्वजनिक क्षेत्र के उपकमों, स्वयं सहायता समूहों, विभिन्न नागरिक संगठनों आदि के सहयोग से कियान्वित किया जाये।

(2) विभाग की वेबसाइट एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अमृत महोत्सव की वेबसाइट पर उपलब्ध "हर घर तिरंगा" का लिंक दिया जाये।

(3) एन0एस0एस0 द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता सत्र का आयोजन करते हुए ग्राम प्रधानों को शत–प्रतिशत घरों, दुकानों, कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों तथा नलकूपों इत्यादि पर झंडा फहराने के लिए प्रेरित किया जाय।

(4) जनपद के समस्त सरकारी कार्यालय एवं शैक्षणिक संस्थानों को इस कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से झंडा फहराये जाने हेतु निर्देशित किया जाये।

A-R-(G-A)
Regd
13-6-2022
प्रभारी (G.A)
14/06/2022

(5) एन0एस0एस0 द्वारा बैनर, पम्पलेट, स्टैण्डी, होर्डिंग एवं अन्य उपयुक्त माध्यमों से स्थानीय भाषा एवं बोली में कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाय।

(6) दिनांक 10 जून से 15 जून, 2022 के मध्य समस्त शिक्षकों का प्रशिक्षण पूर्ण करा लिया जाय। शिक्षकों द्वारा छात्रों को प्रेरित करते हुए प्रत्येक नागरिक का इस कार्यक्रम से जोड़ने हेतु व्यापक प्रेरक अभियान चलाया जाय।

3– दिनांक 15 जुलाई से 05 अगस्त, 2022 के मध्य कार्यालयों, प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों एवं अन्य सरकारी एवं गैर सरकारी परिसरों में झंडों की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाये।

कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

**संलग्नक–यथोक्त।**

भवदीय,

8/6

**( मोनिका एस0 गर्ग )**
अपर मुख्य सचिव।

**संख्या– 1468(1)/सत्तर–3–2022, तद्दिनांक।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– निजी सचिव, मा0 मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0।
2– निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0।
3– प्रमुख सचिव, संस्कृति विभाग, उ0प्र0 शासन।
4– कुल सचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
5– संस्कृति अनुभाग।

आज्ञा से,

**( मनोज कुमार )**
विशेष सचिव।

AR(G.A)/Registrar Sir

The letter may be forwarded to following for immediate compliance of the Government order

1- Superintendent Works, L.U
2- Co-ordinator NSS, L.U
3- Dean Students' Welfare, L.U
4- Incharge website with direction to e-mail All Dean/Hod's Incharge/Director/co-ordinator and upload the same on L.U website

Neeraj 14/6/22
15/06/2022